उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0
(राजकीय निर्माण एजेन्सी)
आई.एस.ओ. 9001:2008

उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0
श्रम श्रान्ताय देवा
UPCLDF
"उत्कृष्ट निर्माण, सुरक्षित निर्माण"

# भवन निर्माण से सम्बंधित ठेकेदार हेतु
## - पंजीकरण नियमावली -

## पंजीकरण का उद्देश्य एवं विभिन्न प्रक्रिया इत्यादि

1. इस नियमावली का उद्देश्य मान्यता प्राप्त ऐसे ठेकेदारों की सूची तैयार करना एवं इनका रख-रखाव करना है, जो विभिन्न प्रकार एवं परिमाण के कार्यो को उचित समय पर निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार करने में सक्षम हो। इससे इन क्षेत्रों में सम्बन्धित पक्षकार यानि ठेकेदार को मान्यता प्राप्त होती है।

2. **सूचीबद्ध ठेकेदारों को अनुमन्य सुविधाएं -**

2.1. सूचीबद्ध ठेकेदार उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 की 'मेलिंग लिस्ट' में रखे जाएंगे तथा "ऑनलाइन" ई-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के उपरान्त ठेकेदारों को यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 की वेबसाईट www.upcldf.in एवं ई-पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है, जो उस श्रेणी में कार्य करने के लिए पंजीकृत है।

2.2. निविदा प्रपत्र उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 की वेबसाइट www.upcldf.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र की प्रति ऐसे असूचीबद्ध ठेकेदारों, जो उसी ग्रुप के कार्य हेतु उसी श्रेणी जिसके लिए उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जा रही हों, में लोक निर्माण विभाग, उ.प्र. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेलवे, विकास प्राधिकरणों अथवा नगर निगमों आदि में पंजीकृत हो, परन्तु वे इस सुविधा का लाभ अनिवार्य रूप से एवं अधिकार स्वरूप नहीं उठा सकेंगे। इस सम्बन्ध में निविदा विशेष हेतु जारी नोटिस के प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही करनी होगी। ऐसे मामलों में निविदा प्रपत्र निर्गत करने या ऐसी प्रार्थना अस्वीकार करने का अधिकार उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के पास सुरक्षित रहेगा और प्रार्थना अस्वीकार करने के सम्बन्ध में सूचीबद्ध/असूचीबद्ध ठेकेदार स्पष्टीकरण नहीं मांग सकता।

3. **प्रक्रिया**

3.1. सूचीबद्धता के इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप पर अपलोड कर सकते है, विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड करने के उपरान्त भरते हुए आवेदन-पत्र वांछित शुल्क सहित उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के ई-पोर्टल पर करना होगा।

3.2. पंजीकरण कर्ता द्वारा अपलोड किये गये प्रपत्रों के परीक्षणोपरान्त वेबसाइट पर सूचना अपलोड की जायेगी एवं मूल प्रतियां, FDR इत्यादि विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा तथा 30 दिन के उपरान्त पैन एवं जी0एस0टी0 नं0 द्वारा लॉगिन कर पंजीयन की स्थिति से अवगत हो सकता हैं।

3.3. सूचीबद्ध ठेकेदारों द्वारा जमा की गयी स्थायी धरोहर धनराशि का किसी भी परिस्थिति में निविदाओं पर छूट अनुमन्य नही होगी।

3.4. **पंजीकरण हेतु सक्षम अधिकारी**

श्रेणी ए, बी, सी, डी, ई - नोडल अधिकारी, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0, मुख्यालय लखनऊ।

3.5. उन अधिकारियों की सूची जो ठेकेदारों के पंजीकरण के अभिलेखों का रख-रखाव करेंगे।

| क्र.सं. | ठेकेदारों की श्रेणी | अधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| 1. | श्रेणी-ए, बी, सी, डी, ई | अधिकृत नोडल अधिकारी, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 लखनऊ |

4. **संक्षिप्त टिप्पणी** :-

4.1. चयनित पंजीकृत ठेकेदारों की सूची एवं रजिस्ट्रेशन प्रपत्र विभाग की वेबसाइट ई-पोर्टल पर देखा जा सकता हैं।

5. **सीमाएँ**

5.1. उल्लिखित गुणों एवं वर्गो के अन्तर्गत परिभाषित किसी भी प्रकार के एवं किसी भी परिमाण के कार्य, जो एक सूचीबद्ध ठेकेदार को सौंपे जा सकेगें, हेतु सूचीबद्धता की यह सुविधा कराई जा रही है। यह सूचीबद्ध ठेकेदार के दूसरे वर्ग के कार्यो के लिए निविदा भरने में बाधक न होगा। बशर्ते वह कार्य उस वर्ग की लागत सीमा के अन्तर्गत हो, जिस हेतु वह अधिकृत है। परन्तु उसकी निविदा की स्वीकृत से पूर्व उस कार्य से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्र, जिसके लिए वह सूचीबद्ध है, जांचे जाएंगे।

5.2. एक ठेकेदार एक ही मालिक की हैसियत से अधिक नाम या व्यापार तथा साझेदार की दशा में दो से अधिक नाम या व्यापार सूचीबद्ध नहीं करा सकता। परन्तु किसी प्रतिष्ठान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सदस्यता चाहे वह सूचीबद्ध हो या न हो, इस नियम के अन्तर्गत बाधक नहीं होगी।

5.3. एक ठेकेदार एक से अधिक ग्रुप में पंजीकरण हेतु आवेदन कर सकता है एवं आवेदन में विभिन्न ग्रुपों/विभिन्न वर्गो का उल्लेख कर सकता है।

6. **नाम वापस लेना**

6.1. सूचीबद्ध ठेकेदार पंजीकरण सूची से अपना नाम वापस लेने के लिए उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के ई-पोर्टल पर आवेदन कर सकता है एवं उक्त आवेदन की स्वीकृत के उपरान्त उसका नाम पंजीकरण सूची एवं 'मेलिंग लिस्ट' से निकाल दिया जाएगा। यदि ठेकेदार ने स्थायी धरोहर धनराशि जमा की है तो कार्यालय से अदेयता/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करके जहां वह निविदा देने के लिए अधिकृत था, धरोहर धनराशि वापस कर दी जाएगी।

6.2. प्रतिबन्ध यह है कि यदि नाम वापस लेने का प्रार्थना पत्र देते समय चैप्टर 01 के पैरा 07, चैप्टर 01 के पैरा 08 तथा चैप्टर 01 के पैरा 09 के अन्तर्गत ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही लम्बित हो तो ऐसी दशा में मामले के निस्तारण तक कार्यवाही स्थगित रखी जाएगी।

6.3. समस्त सुविधाएं एवं मान्यताएं जो ठेकेदार को प्राप्त हों, नाम वापस लेने पर समाप्त हो जाएंगी। यदि पहचान पत्र जारी किया गया होगा, तो उसे वापस करना होगा एवं उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के ई-पोर्टल से हटा दिया जायेगा। यदि उसके द्वारा आनलाईन पंजीकरण पुनः करने की प्रार्थना की जाती है तो नए पंजीकरण की प्रक्रिया में आनलाइन आवेदन करना होगा।

7. **निलम्बन**

7.1. किसी ठेकेदार, जिसके विरूद्ध निम्नाकिंत बिन्दुओं पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही हो या धोखाधड़ी का आरोप हो, की सूचीबद्धता निलम्बित की जा सकती है और ऐसी दशा में उसे किसी भी कार्य के लिए ई-निविदा डालने की अनुमति तब तक न दी जाएगी जब तक उसके विरूद्ध लगे आरोपों की जांच नहीं हो जाती एवं वह आरोप मुक्त नहीं हो जाताः-

(क) स्वयं या उसके कर्मचारियों द्वारा बार-बार दुराचरण।

(ख) कार्य की असन्तोषजनक प्रगति के लगातार अथवा निरन्तर दृष्टान्त।

(ग) ऋणग्रस्तता में अभ्यस्त होना।

(घ) बाजार में दुर्नाम।

(ड) अपने मजदूरों एवं कर्मचारियों से दुर्व्यवहार एवं श्रम नियमों की अवहेलना।

(च) नशे की हालत में कार्यस्थल में उपस्थित होना।
(छ) निम्न स्तर का कार्य एवं सामग्री का प्रयोग करके गुणवत्ता की उपेक्षा करना।
(ज) अक्रमबद्ध तरीके से कार्य करना।
(झ) निर्गत की गई सामग्री का समायोजन समय से प्रस्तुत न करना।
(ट) उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 अथवा अन्य सरकारी सामग्री का गबन या दुरूपयोग।
(ठ) गोपनीयता भंग करके अनाधिकृत व्यक्तियों तथा अन्य स्त्रोतों तक सूचनाएं पहुंचाना।
(ड) परिकल्पी बोली बोलना।
(ढ़) किसी क्रिमिनल केस में पुलिस द्वारा वांछित हो अथवा उस पर फौजदारी का कोर्ट केस चल रहा हो।
(ण) समय-समय पर अन्य जो आदेश दिए जायें।

8. **सूची से हटाया जाना** (Removal)

8.1. ऐसे ठेकेदार को जो

(क) उपरोक्त चैप्टर 01 के पैरा 06 में से किसी दोष के लिए दोषी पाया जाय, अथवा
(ख) आचरण की दुष्टता से सम्बन्धित अपराध के लिए दण्डित हुआ हो, अथवा
(ग) उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 उसी के समानान्तर किसी अन्य अभियन्त्रण संस्था अथवा सरकारी विभागों द्वारा काली सूची में रखा गया हो,

अथवा

(घ) निम्नलिखित चैप्टर 01 के पैरा 08 में निहित अयोग्यता में आता है

पंजीकृत ठेकेदार की सूची से तुरन्त निकाल दिया जाएगा।

ऐसा आदेश करने वाला अधिकारी इस बात का स्पष्ट उल्लेख करेगा कि वह निर्णय स्थाई है या किसी निश्चित काल के लिए उचित समझा गया है। आदेश में अवधि का भी उल्लेख किया जाएगा।

एक ठेकेदार जिसका नाम इस पैरा के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार की सूची से हटा दिया गया हो या चैप्टर 01 के पैरा 06 के अन्तर्गत निलम्बित कर दिया गया हो, किसी क्षतिपूर्ति या हर्जाने का हकदार न होगा।

9. पंजीकरण अधिकारी मुख्य अभियन्ता, प्रबन्ध निदेशक से पूर्व आदेश प्राप्त कर फर्म का नाम हटाने का आदेश पारित करेंगे।

10. **अयोग्यता**

10.1. वह व्यक्ति/फर्म पंजीकरण हेतु अयोग्य होगा, यदि वह

(क) आचरण की दृष्टि से सम्बन्धित अपराध के लिए दण्डित हो चुका हो अथवा उससे सम्बद्ध रहा हो।
(ख) दिवालिया हो गया हो एवं उससे छुटकारा न पा सका हो, अथवा
(ग) अस्वस्थ मस्तिक वाला हो, अथवा
(घ) उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के अधीन लाभ का कोई पद ग्रहण किया हो, अथवा
(ड) उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 की सेवा में किसी अधिशासी अभियन्ता, समकक्ष या उच्च अधिकारी से आर्थिक रूप में या अन्य प्रकार से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित हो, अथवा

(च) पूर्व में पंजीकृत ठेकेदारों की सूची से चैप्टर 01 के पैरा 07 के अन्तर्गत हटाया गया हो एवं अवधि जिसके लिए वह हटाया गया हो, समाप्त नहीं हुई है। प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे मामलों में नोडल अधिकारी तथ्यात्मक रूप से परीक्षण करते हुए प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 से अनुमति के उपरान्त छूट प्रदान कर सकते है।

**11. अपवाद**

11.1. नियमों अथवा विधि के किसी प्राविधान के होते हुए भी, पंजीकरण, निलम्बन एवं पंजीकरण सूची से हटाए जाने से सम्बन्धित मामलों के प्रत्यावेदन नोडल अधिकारी को दिए जा सकते है तथा इनकी अपील सुनने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक को होगा। प्रारम्भिक रूप से ऐसे मामले न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर होगें।

**12. छूट**

12.1. इसके पश्चात् इन नियमों में किसी बात के रहते हुए सक्षम अधिकारी पंजीकरण, निलम्बन एवं अग्रसारण के छूट से सम्बन्धित सभी मामलों में अपने उच्च अधिकारी को सूचित करेगा।

www.upcldf.in

## ठेकेदारों का वर्गीकरण एवं शुल्कों का निर्धारण सम्बन्धित

1. निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 में ठेकेदारों को निम्न के अनुसार वर्गीकृत किया गया है तथा उनकी हैसियत सीमा, जमानत राशि, पंजीकरण शुल्क, नवीनीकरण शुल्क निम्नानुसार निर्धारित की गयी है:-

2. विभिन्न श्रेणी के लिए अधिकतम निविदा सीमा शासनादेश लोक निर्माण, अनुभाग-7, के पत्र संख्या-3460/23-7-08-41 एम0एस0ए0/54टी0सी0-III, दिनांक 28.07.2008 के क्रम में निम्नवत् होगी:-

| क्र. | श्रेणी | ए | बी | सी | डी | ई |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भवन एवं सड़क निर्माण तथा इससे सम्बन्धित वाटर सप्लाई, सीवर एवं विद्युत कार्य।। | रू. 500 लाख | रू. 200 लाख | रू. 75.00 लाख | रू. 40.00 लाख | रू. 15.00 लाख |

3. निम्नवत् श्रेणी के लिए धरोहर धनराशि शासनादेश लोक निर्माण, अनुभाग-1 के पत्र सं0-3503/23-7-2002-41 एम0एस0ए0/54, दिनांक 12.09.2002 के क्रम में संशोधित एपेन्डिक्स (एच)(नियम-13) सामान्य जमानती धनराशि के अनुसार तथा हैसियत शासनादेश लोक निर्माण, अनुभाग-1 के पत्र संख्या-3460/23-7-08-41 एम0एस0ए0/54टी0सी0-III, दिनांक 28.07.2008 के क्रम में संख्या-2 एवं पृष्ठ संख्या-2 पर निर्धारित हैसियत सीमा के अनुसार है, तथा पंजीकरण शुल्क तथा नवीनीकरण शुल्क कॉलम संख्या-5 एवं 6 के अनुसार विभाग द्वारा निर्धारित हैं।

| क्र. | श्रेणी | धरोहर धनराशि | हैसियत | पंजीकरण शुल्क | नवीनीकरण शुल्क | पंजीयन शुल्क जमा करने हेतु विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीणी-ए | रू. 5.00 लाख | रू. 50.00 लाख | रू. 30,000.00 18%+जी0एस0टी0 | रू. 15,000.00 18%+जी0एस0टी0 | पंजीयन शुल्क "प्रबंध निदेशक, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0, लखनऊ के खाता एच0डी0एफ0सी0 बैंक के खाता संख्या 50100517059668 (IFSC: HDFC0008112) में जमा कर ट्रांजेक्शन की रसीद फार्म के साथ अपलोड करनी आवश्यक होगी। |
| 2 | श्रीणी-बी | रू. 2.00 लाख | रू. 40.00 लाख | रू. 20,000.00 18%+जी0एस0टी0 | रू. 10,000.00 18%+जी0एस0टी0 | |
| 3 | श्रीणी-सी | रू. 1.00 लाख | रू. 20.00 लाख | रू. 15,000.00 18%+जी0एस0टी0 | रू. 7,500.00 18%+जी0एस0टी0 | |
| 4 | श्रीणी-डी | रू. 0.25 लाख | रू. 5.00 लाख | रू. 7,500.00 18%+जी0एस0टी0 | रू. 4,000.00 18%+जी0एस0टी0 | |
| 5 | श्रीणी-ई | रू. 0.15 लाख | --- | रू. 2,500.00 18%+जी0एस0टी0 | रू. 1,500.00 18%+जी0एस0टी0 | |

4. **धरोहर धनराशि**

4.1. निविदाओं में उल्लिखित शर्तो के अनुसार निविदाताओं से सामान्यः निविदा के साथ धरोहर धनराशि मांगी जाती है। ई-निविदा में अनुमन्य धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0, जिसकी वैधता न्यून्तम चार वर्ष एवं "प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0, लखनऊ" के नाम बंधक होनी चाहिये।

4.2. किसी ठेकेदार को जो किसी एक श्रेणी के लिए पंजीकृत है, समयबद्धता व गुणवत्ता से कार्य पूर्ण करने के उपरान्त (उस श्रेणी हेतु अधिकतम लागत सीमा से दो गुना कार्य संतोषजनक रूप से) अपने ही ग्रुप में उसी फर्म को ऊपर की श्रेणी में पंजीकरण करने हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमति नियमानुसार दी जा सकती है और ऐसी स्थिति में वह निविदा प्रपत्र के साथ इस उल्लिखित धरोहर राशि, स्थायी धरोहर राशि (यदि हो) का समायोजन करते हुए जमा करेगा। ऊपर की श्रेणी के अन्य शर्तो (चैप्टर 02 के पैरा 06 के अनुसार) को उसे पूरा करना होगा।

4.3. निविदा स्वीकृत होने पर सफल निविदादाता अनुबन्ध की शर्तो की पूर्ति के लिए निविदा प्रपत्र में उल्लिखित जमानती धनराशि जमा करेगा। निविदा के साथ जमा की गई धरोहर धनराशि जमानती धनराशि के रूप में परिवर्तित कर दी जायेगी। शेष धनराशि अनुबन्ध हस्ताक्षरित होने

से पूर्व ठेकेदार से जमा करा ली जायेगी। पंजीकृत ठेकेदारों के मामले में जिन्होने स्थायी धरोहर राशि जमा कर दी है, जमानत की पूरी राशि उनके द्वारा जमा की जायेगी जैसा कि निविदा प्रपत्र में उल्लेख हो। स्थायी धरोहर धनराशि का कोई अंश किसी अनुबन्ध के लिए प्रमुक्त न होगा।

4.4. स्थाई धरोहर के रूप में बैंक गारन्टी स्वीकार नहीं की जायेगी।

4.5. अनुसूचित जाति, जनजाति/पिछड़ी जाति के ठेकेदारों तथा बेरोजगार इंजीनियर ठेकेदारों का पंजीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग की भांति हैसियत की धनराशि तथा सामान्य धरोहर धनराशि की निर्धारित सीमा में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। अनुसूचित जाति, जनजाति के ठेकेदार जनरल सिक्योरिटी की 02 प्रतिशत धनराशि टेण्डर के साथ जमा करेगें अवशेष धनराशि टेण्डर स्वीकृत होने पर जमा करेंगे तथा जिलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र भी अपलोड करना अनिवार्य होगा एवं बेरोजगार इंजीनियर को भी प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

5. **पंजीकरण शुल्क**

5.1. पंजीकरण ठेकेदार आदेश की तिथि से 3 वर्ष के लिए मेलिंग लिस्ट में रखे जाने के लिए अधिकृत होगें तथा इसी अवधि में वे निविदा में भाग लेने हेतु अधिकृत होगें। यदि निविदा आवंटित होने के पश्चात् निविदा निर्धारित अवधि में उनका पंजीकरण समाप्त हो जाता है तो 01 माह में नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा। पंजीकरण प्रमाण पत्र खो जाने की दशा में डुप्लिकेट प्रमाण पत्र रू0 1000/- के अतिरिक्त भुगतान पर जारी किया जाएगा। डुप्लीकेट पंजीकरण शुल्क की धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से, जो ''उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम सहकारी संघ लि0, लखनऊ'' के पक्ष में देय हो।

6. **नवीनीकरण शुल्क**

6.1. पंजीकरण की अवधि समाप्त होने के 2 माह पूर्व नवीनीकरण के लिए उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम सहकारी संघ लि0, लखनऊ कार्यालय में आवेदन के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं मशीनरी, तकनीकी कर्मचारी इत्यादि समस्त प्रपत्र जमा करना होगा। नवीनीकरण शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से, जो उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम सहकारी संघ लि0 के पक्ष में देय होगी।

7. **हैसियत प्रमाण पत्र**

7.1. हैसियत निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी (जिलाधिकारी) से प्राप्त की जानी होगी। फर्म/कम्पनी के नाम से पंजीकरण कराते समय **फर्म/कम्पनी को फर्म/कम्पनी के नाम से हैसियत/सक्षम अधिकारी (जिलाधिकारी) से प्राप्त करनी होगी।** ठेकेदार का पंजीकरण (उपयुक्त पाये गये आवेदको की सूचना वेबसाईड पर अपलोड किये जाने की तिथि से) 03 वर्ष के लिए किया जाएगा, लेकिन यदि बीच में हैसियत प्रमाण पत्र की अवधि समाप्त हो जाती है तो हैसियत प्रमाण पत्र कार्यालय में अपने लेटर पैड पर आवेदन के साथ जमा करना आवश्यक होगा। **लोक निर्माण विभाग की भांति अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ी जाति एवं बेरोजगार इंजीनियर, ठेकेदारों के लिए हैसियत में 50 प्रतिशत छूट अनुमन्य होगी। अनुसूचित जाति और जनजाति के ठेकेदारों के लिए श्रेणी-डी में हैसियत प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। हैसियत प्रमाण पत्र का प्रारूप संलग्नक के अनुसार होगा।**

8. यदि कोई फर्म किन्ही कारणों से उ0प्र0 राजकीय निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0, लखनऊ द्वारा ब्लैक लिस्ट की जाती है तो उस फर्म का स्वामी या पार्टनर किसी अन्य फर्म का पार्टनर या स्वामी है तो वह फर्म ब्लैकलिस्ट स्वतः हो जायेगी।

9. राज्य बार काउंसिल में पंजीकृत कोई भी अधिवक्ता ठेकेदारी के पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु पात्र नहीं है। कार्य का अनुबन्ध गठित होने के उपरान्त भी यदि उक्त तथ्य संज्ञान में आता है तो समाधान एवं संतुष्टि की दशा में ऐसे पंजीकरण/अनुबन्ध को प्रबन्ध निदेशक अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा सकारण आदेश प्रख्यापित कर तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

10. ऐसे व्यक्ति/फर्म/कम्पनी जो किसी अन्य विभाग में ब्लैकलिस्टेड की श्रेणी में आते हैं, को भी कोई निविदा अनुमन्य नही होगी तथा इस श्रेणी के आवेदक पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु पात्र नहीं है।

11. आवेदक को रू0 10/- के स्टम्प पेपर पर नोटरी सहित यह घोषणा-पत्र देना अनिवार्य होगा कि वह किसी विभाग द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया है।

12. किसी भी ठेकेदार को निविदा दिये जाने के उपरान्त भी यदि कोई तथ्य प्रमाणित होता है कि संबंधित ठेकेदार/फर्म/कम्पनी द्वारा अन्य सम्भावित निविदाकर्ताओं को धमकाया गया है अथवा उन्हें प्रक्रिया में भाग लेने एवं टेण्डर डालने से रोका गया है अथवा यह पाया जाता है कि संबंधित ठेकेदार/व्यक्ति सक्रिय रुप से माफिया गतिविधियों, असमाजिक कार्यो एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है, तो जिलाधिकारी अथवा पुलिस से जाँच रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त उसे प्रदान किया गया अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।

13. <u>चरित्र प्रमाण पत्र</u>

13.1. आवेदक को जिलाधिकारी से जारी चरित्र प्रमाण पत्र देना होगा, जिसका प्रारुप संलग्न है। वर्तमान निवास का पता भी सत्यापित कराकर देना होगा।

14. <u>फार्म शुल्क</u>

14.1. पंजीयन प्रपत्र (फार्म) शुल्क का विवरण निम्नवत हैं-

| | |
|---|---|
| "श्रेणी-ए" | रू0 2,000.00 (18 प्रतिशत जी0स0टी0 अतिरिक्त) |
| "श्रेणी-बी" | रू0 1,500.00 (18 प्रतिशत जी0स0टी0 अतिरिक्त) |
| "श्रेणी-सी" | रू0 1,000.00 (18 प्रतिशत जी0स0टी0 अतिरिक्त) |
| "श्रेणी-डी" | रू0 8,00.00 (18 प्रतिशत जी0स0टी0 अतिरिक्त) |
| "श्रेणी-ई" | रू0 5,00.00 (18 प्रतिशत जी0स0टी0 अतिरिक्त) |

उक्त धनराशि "प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0, लखनऊ" के एच0डी0एफ0सी0 बैंक के खाता संख्या 50100517059668 (IFSC: HDFC0008112) में जमा कर ट्रांजेक्शन की रसीद फार्म के साथ अपलोड करनी आवश्यक होगी।

www.upfdf.in

## पंजीकरण हेतु ठेकेदारों की योग्यता एवं अन्य आवश्यकतायें

1. विभिन्न श्रेणी हेतु ठेकेदारों की योग्यता निम्नवत् होगी:-

| श्रेणी | अनुभव | टिप्पणी |
|---|---|---|
| ए | पिछले 6 वर्षो (वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं इससे पहले के 5 वित्तीय वर्ष में जिनकी पूर्णता की तिथि है) में कम से कम रू0 500 लाख के भवन निर्माण के कार्य जिसमें कम से कम 01 करोड़ व 01 करोड़ से अधिक की लागत के रू0 500 लाख के कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होना आवश्यक हैं, जिसमें 01 करोड़ से अधिक का एक कार्य सरकारी विभाग/उपकर्म/संस्था/निगमों का होना आवश्यक हैं। | 1. श्रेणी-ए हेतु ठेकेदार स्थायी अभियन्त्रण संस्था होना चाहिये। अपने प्रार्थना पत्र के साथ अपने संस्था के बारे में पूर्ण विवरण देना होगा। उनके पास पर्याप्त मशीनरी एवं टूल्स होना चाहिए तथा पूर्ण विवरण देना होगा। संस्था में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण, पंजीकरण के समय या उसके बाद किसी भी समय यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 द्वारा किया जा सकता है तथा प्रमाण पत्र मांगा जा सकता है।<br>2. श्रम विभाग से नवीनतम लाइसेंस अनिवार्य होगा। श्रम विवाद के लिए ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होगा।<br>3. बी.ई./बी.टेक(सिविल) अथवा समकक्ष डिग्री धारकों को बिना अनुभव के 'सी' श्रेणी में पंजीकृत किया जा सकता है। |
| बी | पिछले 6 वर्षो (वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं इससे पहले के 5 वित्तीय वर्ष में जिनकी पूर्णता की तिथि है) में कम से कम रू0 200 लाख के भवन निर्माण के कार्य जिसमें कम से कम 40 लाख से अधिक की लागत के रू0 200 लाख के कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होना आवश्यक हैं, जिसमें 40 लाख का एक कार्य सरकारी विभाग/उपकर्म/संस्था/निगमों का होना आवश्यक हैं। | |
| सी | पिछले 6 वर्षो (वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं इससे पहले के 5 वित्तीय वर्ष में जिनकी पूर्णता की तिथि है) में कम से कम रू0 75 लाख के भवन निर्माण के कार्य जिसमें कम से कम 25 लाख से अधिक की लागत के रू0 75 लाख के कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होना आवश्यक हैं, जिसमें 25 लाख का एक कार्य सरकारी विभाग/उपकर्म/संस्था/निगमों का होना आवश्यक हैं। | |
| डी | पिछले 6 वर्षो (वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं इससे पहले के 5 वित्तीय वर्ष में जिनकी पूर्णता की तिथि है) में कम से कम रू0 40 लाख के भवन निर्माण के कार्य जिसमें कम से कम 10 लाख से अधिक की लागत के रू0 40 लाख के कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होना आवश्यक हैं, जिसमें 10 लाख का एक कार्य सरकारी विभाग/उपकर्म/संस्था/निगमों का होना आवश्यक हैं। | |
| ई | श्रेणी-ई के पंजीयन हेतु सरकारी विभाग/उपक्रम/ संस्था/निगम में अनुभव की बाध्यता अनिवार्य नही है। | |

2. (संशोधित)

प्रत्येक श्रेणी हेतु निम्नानुसार तकनीकी स्टाफ का होना आवश्यक हैः-

| श्रेणी | ग्रेजुएट इंजीनियर | डिप्लोमा होल्डर | अन्य बिन्दु |
|---|---|---|---|
| ए | 1 | 2 | किसी भी प्रकार के विद्युत कार्य कराने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार के पास मुख्य विद्युत निरीक्षक, उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदत्त 'क' श्रेणी का अनुमोदित वैध लाइसेंस का होना आवश्यक हैं, जो कि विद्युत कार्य प्रारम्भ के पूर्व सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को लिखित रूप से अवगत कराते हुए आवश्यक विवरण एवं लाइसेंस उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।<br>अथवा<br>भवन निर्माण हेतु इच्छुक पंजीयनकर्ता के पास विद्युत सुरक्षा निदेशक द्वारा निर्गत अनुमोदित लाइसेंस न होने पर पंजीयनकर्ता द्वारा रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी प्रपत्र इस आशय से देना होगा कि विद्युत का कार्य, विद्युत सुरक्षा निदेशक से जारी अनुमोदित लाइसेंसकर्ता द्वारा कराया जायेगा, परन्तु कार्य का भुगतान निविदादाता को किया जायेगा। |
| बी | 1 | 1 | तदैव |
| सी | - | 1 | तदैव |
| डी | - | - | तदैव |
| ई | - | - | - |

टिप्पणीः

1. 10/- रूपये के नान जुडिसियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित कराकर देना होगा।
2. श्रेणी ए एव बी के पास पर्याप्त मात्रा में तकनीकी स्टाफ होने चाहिए जो भलि भांति मानचित्र पढ़ने में, कार्यो की प्लानिंग एवं सम्पादन में, निविदा निपुणनता से भरने में, बिल बनाने में तथा कार्यो के पर्यवेक्षण में सक्षम हो।

3. **विभिन्न श्रेणी हेतु आवश्यक मशीनरी, टूल्स एवं प्लान्ट्सः-**

निर्माण कार्यो पर विभिन्न मशीनरी आदि की सूचीः-

| क्र. | मशीनरी का नाम | श्रेणी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ए | बी | सी | डी | ई |
| 1 | कंकरीट मिक्सर | 2 | 1 | 1 | 1 | - |
| 2 | वाइब्रेटरर्स | 3 | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 3 | पम्पस | 2 | 1 | 1 | - | - |
| 4 | डीजल विनचिस 65 टन क्षमता का | 2 | 1 | - | - | - |
| 5 | एक्सकेवेटर-कम-लोडर, 1/2 से 1 मी$^3$ की क्षमता वाले (सेतु के लिए) | 4 | 2 | - | - | - |
| 6 | डीजल जनरेटर सैट 25कि0वाट (सेतु के लिए) | 1 | - | - | - | - |
| 7 | ट्रैक्टर-ट्रॉली | 2 | 1 | - | - | - |
| 8 | रोड रोलर केवल सड़क के लिए | 2 | - | - | - | - |
| 9 | थ्योडोलाइट | 1 | 1 | - | - | - |
| 10 | लेवलिंग मशीन स्टाफ सहित | 2 | 1 | - | - | - |
| 11 | बिटुमिन बॉयलर विद स्प्रेयर | 1 | - | - | - | - |

टिप्पणीः रू0 10/- के नान जुडिसियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित कराकर देना होगा।

4. ठेकेदारों द्वारा अपने अनुभव का विवरण निम्नानुसार देना होगाः–

**प्रारूप– पिछले छः वर्षो में पूर्ण किये गये समस्त निर्माण कार्यो का विवरण**

**ठेकेदार का नाम–** ..........................................................................................

| क्र. | विभाग/खण्ड का नाम पता | कार्य का नाम | लागत | कार्य प्रारम्भ की तिथि | कार्य समाप्ति की तिथि | | हस्तान्तरण की तिथि | प्रमाण पत्र संलग्न की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनुबन्ध | वास्तविक | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

5. निर्माणाधीन समस्त कार्यो का विवरणः–

**प्रारूप–**

| क्र. | विभाग/खण्ड का नाम पता | कार्य का नाम | लागत | कार्य प्रारम्भ की तिथि | कार्य पूर्ण की सम्बन्धित विभाग द्वारा निर्धारित तिथि | सम्पादित कार्य की लागत | प्रमाण पत्र (संलग्नक की स्थिति) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

## ठेकेदारों के पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु नियम एवं शर्ते
## (पूर्व वर्णित चैप्टर-1 से चैप्टर-3 तक के प्रावधानों के अग्रतर)

1. भवनों के निर्माण एवं विकास कार्यो हेतु विभिन्न श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार निम्नानुसार अंकित मूल्य तक कार्य लेने हेतु अधिकृत हैः-

| | | |
|---|---|---|
| ए श्रेणी | रू0 | 500.00 लाख तक |
| बी श्रेणी | रू0 | 200.00 लाख तक |
| सी श्रेणी | रू0 | 75.00 लाख तक |
| डी श्रेणी | रू0 | 40.00 लाख तक |
| ई श्रेणी | रू0 | 15.00 लाख तक |

2. रू0 500.00 लाख से अधिक कार्यो हेतु निगम में पंजीकृत ए श्रेणी के ठेकेदारों के अतिरिक्त अपंजीकृत ठेकेदार भी निविदा डालने के लिए अधिकृत होगें परन्तु अपंजीकृत ठेकेदार के सफल निविदादाता होने के स्थिति में अनुबन्ध से पूर्व उपयुक्त श्रेणी में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ऐसी निविदाएं टू बिड सिस्टम के अन्तर्गत आमंत्रित की जायेगी। विभाग द्वारा अन्य श्रेणियों में भी टू बिड सिस्टम का निर्णय निर्माण कार्य की प्रकृति एवं आवश्यकता के अनुसार लिया जा सकता है।

3. निर्माण कार्यो पर 1-2 के अनुसार तकनीकी स्टाफ रखना होगा।

4. निर्माण कार्यो पर 3-3 के अनुसार मशीनरी की व्यवस्था ठेकेदार को करनी होगी एवं उसकी देखभाल, खर्चा आदि स्वयं वहन करना होगा। यदि कोई मशीनरी विभाग द्वारा दी गयी है तो उसका किराया निर्धारित दरों पर बिल से काटा जाएगा।

5. ठेकेदारों को कार्य की अनुमानित लागत के अनुसार निविदा के समय पूरा 10 प्रतिशत या 05 प्रतिशत (एन0आई0टी0) के अनुसार निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त धनराशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 (राष्ट्रीय बैंक) जो प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के पक्ष में बंधक हो, धरोहर राशि के रूप में निविदा प्रपत्रों के साथ जमा करानी होगी।

6. पंजीकृत ठेकेदारों को यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 द्वारा निर्धारित नियमों से विपरीत आचरण करने पर जैसे कि कार्य की गुणवत्ता खराब करना, फिनिशिंग ठीक न करना, विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों से अभद्र व्यवहार करना आदि पर फर्म को काली सूची में दर्ज करने, युक्तियुक्त अर्थदण्ड लगाने तथा निविदाओं में प्रतिभाग करने से रोक लगाने का अधिकार मुख्य अभियन्ता का होगा। ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों की सूची को विभागीय वेबसाइट पर भी डाला जाएगा।

7. आवेदक को इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि फर्म के किसी भी पार्टनर का निकट का रिश्तेदार (ब्लड रिलेशन) उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 में कार्यरत नहीं है। ब्लड रिलेशन में पिता-पुत्र, भाई-बहन, चाचा, दादा, नाना, पौत्र, फर्स्टकजिन, सास-श्वसुर, दामाद, बहनोई, पति-पत्नी, माता, मामी, मौसा, चचेरे भाई-बहन, मौसेरे भाई-बहन आदि शामिल है। यदि पंजीकरण के उपरान्त इसके विपरीत तथ्य पाया गया तो ठेकेदार का नाम काली सूची में डाल दिया जायेगा।

8. निविदा प्रपत्र मूल्य निम्न प्रकार अथवा भविष्य में संशोधन की स्थिति में तद्नुसार देय होगाः-

| श्रेणी | निविदा मूल्य जी0स0टी0 (18 प्रतिशत) अतिरिक्त |
|---|---|
| ए | रू. 30,000.00 |
| बी | रू. 20,000.00 |
| सी | रू. 15,000.00 |
| डी | रू. 7,500.00 |
| ई | रू. 2,500.00 |

9. हैसियत प्रमाण पत्र जिला मजिस्ट्रेट से प्राप्त कर देना होगा।

10. आवेदक को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा हस्ताक्षरित चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप पर एवं वर्तमान निवास स्थान का पता सत्यापित कराकर देना होगा।

11. प्रमाण पत्रों के साथ चस्पा की जाने वाली फोटो किसी राजपत्रित अधिकारी/नोटरी से प्रमाणित होनी चाहिए।

12. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति भी संलग्न करनी होगी।

13. सभी पंजीकृत ठेकेदारों को परिचय पत्र निर्गत किये जायेगें जो उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के किसी भी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मांगने पर दिखाना होगा।

14. उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 से सम्बन्धित सभी कार्यवाही जैसे निविदा क्रय, अनुबन्ध एवं देयक आदि पर हस्ताक्षर सम्बन्धित ठेकेदार एवं उसके द्वारा अधिकृत जो कोई एक व्यक्ति ही करेगा, का शपथ पत्र देना होगा।

15. पंजीकरण शुल्क उपरोक्तानुसार देय होगा। पंजीकरण तीन वर्ष हेतु मान्य होगा। पंजीकरण शुल्क की धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के पक्ष में देय हो।

16. पंजीकरण के आवेदन पत्र को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 में निहित है।

17. पंजीकृत ठेकेदार को उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 द्वारा भविष्य में भी समय-समय पर जारी किये गये आदेश मानने होगें।

18. जो भी व्यक्ति अथवा संस्था ठेकेदारी का कार्य करना चाहेगी उन्हे स्व-घोषणा पत्र (संलग्न) के अनुसार रू0 100/- के स्टैम्प पेपर पर सत्यापित कराकर किया जाएगा। यह अनुबन्ध का अनिवार्य अंग है और बिना इसके कोई भी ठेका स्वीकार नहीं होगा। (परिशिष्ट-'स')

19. पंजीकरण शुल्क की प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना होगा, जो पैरा सुसंगत नहीं होगे, उनके सामने ''लागू नहीं'' लिखा जाएगा।

20. सभी पंजीकृत ठेकेदारों को उस क्षेत्र के आयकर अधिकारी को प्रत्येक वर्ष में निर्धारित तिथि के अन्तर्गत आयकर क्लियरेन्स प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उनका कर निर्धारण होता हो। आयकर क्लियरेन्स प्रमाण-पत्र मूल रूप में प्रत्येक वर्ष में निर्धारित तिथि के एक माह के अन्तर्गत मुख्यालय को प्रस्तुत करना चाहिए जिसने ठेकेदार को पंजीकृत किया है। यदि कोई ठेकेदार आयकर क्लियरेन्स प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है अथवा क्लियरेन्स प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के सम्बन्ध में कोई समर्थनीय कारण दर्शाने में असमर्थ रहता है तो उसका नाम पंजीकरण सूची से हटा दिया जाएगा।

21. अधिकारी कैडर के किसी अभियन्ता अथवा अन्य अधिकारी जो उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 में अभियन्त्रण या प्रशासनिक कार्यो हेतु सेवायुक्त हो, को सेवा निवृत्त होने के दो वर्षो तक बिना उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 की पूर्व आज्ञा के ठेकेदार के रूप में अथवा ठेकेदार के कर्मचारी के रूप में उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। यदि पंजीकरण के बाद भी ऐसा व्यक्ति होना पाया जाता है जिसने उपर्युक्तानुसार यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 से अनुमति न ली हो तो उसका नाम मान्यता प्राप्त ठेकेदार की सूची से हटा दिया जाएगा।

22. अधिकारियों के सम्बन्धियों (उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के सहायक अभियन्ता एवं समकक्ष या उच्च अधिकारियों को शामिल करते हुए) को उक्त अधिकारी के क्षेत्राधिकार में ठेकेदार के रूप में पंजीकरण/कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निकट सम्बन्धियों में पिता-पुत्र, भाई-बहन, चाचा, दादा, नाना, पौत्र, फर्स्टकजिन, सास-श्वसुर, दामाद, बहनोई, पति-पत्नी, माता, मामी, मौसा, चचेरे भाई-बहन, मौसेरे भाई-बहन आदि शामिल है।

23. क्षमता निर्धारण हेतु वर्क इन हैण्ड एवं गत छः वर्ष(वर्तमान वित्तीय वर्ष और उससे पहले के पाँच वित्तीय वर्ष) में किये गये कार्यो के विवरण 3-4(i) के अनुसार में देना होगा, जिसके साथ प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।

24. जमानत राशि निर्माण/विकास कार्य के संतोषजनक पूरा होने अथवा अन्तिम भुगतान के छः माह बाद जो भी बाद में हो, अनुबन्ध की शर्तो के अनुरूप वापस की जायेगी।

25. ठेकेदारों द्वारा आयकर विभाग में पिछले वर्ष के आयकर रिटर्न की प्रति तथा बैलेंस शीट देना होगा।

26. उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 में पंजीकृत फर्मो का नवीनीकरण किये जाने या आगे की अवधि हेतु वैद्यता बढ़ाने के लिए फर्म को गत वर्ष में किये गये भवन कार्यो निर्माण/विकास कार्यो के संतोषजनक सम्पादन का राजकीय विभागों/राजकीय संस्थाओं/पब्लिक/प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी का प्रमाण पत्र देना होगा। उपरोक्त वर्णित राजकीय विभाग/राजकीय संस्थाओं/पब्लिक/प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र में किये गये कार्यो का संतोषजनक रूप से पूर्ण होने का उल्लेख होना चाहिए, जिसकी पुष्टि कराने के उपरान्त अभिलेखानुसार नवीनीकरण की कार्यवाही की जाएगी, जो सभी श्रेणी के फर्मो पर मान्य होगी।

27. पंजीकृत ठेकेदारों का नवीनीकरण दो वर्ष के लिए किया जाएगा। लेकिन पंजीकरण समाप्त होने के एक माह पूर्व इस हेतु आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों यथा चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र तथा किये गये कार्यो का संतोषजनक रूप से पूर्ण होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि पंजीकृत अवधि में किसी प्रमाण पत्र की वैद्यता समाप्त हो जाती है तो ठेकेदार का यह दायित्व होगा कि वह बिना मांगे उक्त प्रमाण पत्र का नवीनीकरण कराकर प्रस्तुत करें अन्यथा विभाग द्वारा पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

28. यदि कोई फर्म किन्ही कारणों से उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 द्वारा ब्लैक लिस्ट की जाती है तो उस फर्म का स्वामी या पार्टनर किसी अन्य फर्म का पार्टनर या स्वामी है तो वह फर्म भी ब्लैकलिस्ट स्वतः ही हो जाएगी।

29. बी0ई0/बी0टेक(सिविल) एवं समकक्ष डिग्रीधारकों का पंजीकरण बिना किसी अनुभव के "सी" श्रेणी में किया जा सकता है।

